बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, पटना

(बिहार सरकार का एक उपक्रम)

राजापुर पुल, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना– 800001

ॐ कार्यालय आदेश ॐ

संख्या- बुडको/गठन–11/10(बी)–....226...., दिनांक 25/11/19

श्री राकेश कुमार, कार्यपालक अभियंता द्वारा किशनगंज जिला में स्थानांतरण होने के कारण का उल्लेख करते हुए मानपुर बस स्टैण्ड (जिला–गया) का प्रभार किसी अन्य कार्यपालक अभियंता को दिये जाने का अनुरोध किया गया है और इस आशय का अनुरोध प्रभारी अधीक्षण अभियंता, जलापूर्ति, ड्रेनेज एवं सीवरेज तथा आधारभूत संरचना एवं परिवहन, बुडको, गया प्रमंडल द्वारा भी किया गया है।

मुख्य अभियंता, दक्षिण बिहार उपभाग, बुडको द्वारा उनके कोषांग में तेजी से कार्यों के निष्पादन के लिए एक कार्यपालक अभियंता को प्रतिनियुक्त करने का अनुरोध किया गया है।

इस आलोक में कार्यहित में बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड, (बुडको) के अन्तर्गत पूर्व से पदस्थापित/प्रतिनियुक्त निम्नलिखित कार्यपालक अभियंताओं को उनके मूल पदस्थापन के कार्यों के साथ–साथ निम्नांकित दायित्वों का अतिरिक्त प्रभार निम्नवत सौंपा जाता है:–

1. श्री किशोरी प्रसाद देव, कार्यपालक अभियंता (असैनिक), गया नगर निगम क्षेत्र, बुडको एवं अतिरिक्त प्रभार–गया के शेष नगर निकाय को वर्तमान में आवंटित कार्यों के अतिरिक्त मानपुर बस स्टैण्ड (जिला–गया) के कार्यों का प्रभार सौंपा जाता है और श्री राकेश कुमार, कार्यपालक अभियंता, किशनगंज नगर परिषद क्षेत्र को मानपुर बस स्टैंड के कार्यों के प्रभार से मुक्त किया जाता है।

2. श्री अशोक कुमार, कार्यपालक अभियंता (असैनिक), बुडको [अधीक्षण अभियंता, जलापूर्ति, ड्रेनेज एवं सीवरेज तथा आधारभूत संरचना एवं परिवहन, प्रमंडल पटना के तकनीकी प्रकोष्ठ में कार्यपालक अभियंता (असैनिक), (पटना नगर निगम क्षेत्र को छोड़कर शेष नगर निकायों के लिए)] को अपने मूल पदस्थापन के कार्यों के साथ–साथ मुख्य अभियंता, दक्षिण बिहार उपभाग, बुडको के कोषांग में प्रतिनियुक्त किया जाता है। वे उक्त दोनों दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

इस संबंध में पूर्व में निर्गत कार्यालय आदेश को इस हद तक संशोधित किया जाता है।

ह0/–

प्रबंध निदेशक,
बुडको

ज्ञापांक–..........5991........../   दिनांक–....25/11/19

1. **प्रतिलिपि** : सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग को सूचनार्थ समर्पित।
2. **प्रतिलिपि** : माननीय मंत्री के आप्त सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग को सूचनार्थ समर्पित।
3. **प्रतिलिपि**: सभी संबंधित नगर आयुक्त, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
4. **प्रतिलिपि** : सभी मुख्य अभियंता, सभी अधीक्षण अभियंता, सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता एवं सहायक अभियंता, तथा कार्यालय कार्यपालक, बुडको को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
5. **प्रतिलिपि** : महाप्रबंधक (प्रशासन), महाप्रबंधक (वित्त), प्रबंधक (वित्त) मुख्यालय एवं एस0आई0यू0, प्रबंधक (विधि), प्रबंधक (सूचना तकनीकी), बुडको सूचनार्थ प्रेषित।

   प्रबंधक (सूचना तकनीकी), बुडको को आदेश दिया जाता है कि इस आदेश की प्रति अविलंब सभी संबंधित पदाधिकारियों को ई–मेल, BUIDCo WhatsApp Group के माध्यम से भेजना सुनिश्चित करें।
6. **प्रतिलिपि** : प्रबंध निदेशक कोषांग, बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

23/11/19

प्रबंध निदेशक,
बुडको